हरिभूमि
रंग भूमि
बिलासपुर, सोमवार 25 मार्च 2024

**खबर संक्षेप**

### नमामि हसदेव समिति ने की हसदेव आरती

**कोरबा।** कोरबा के प्रदूषित होते हुए नदी हसदेव को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु हमारा संकल्प है कि हर नदी का हो सम्मान, हम पूजे उन्हें माँ गंगा समान। इस ध्येय के साथ नमामि हसदेव समिति के द्वारा हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, हसदेव नदी के संरक्षण करने तथा हसदेव नदी के घाट का सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती की जाती है। इसी क्रम में आगामी फाल्गुन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रविवार को माँ सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती की गई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान अरुण शर्मा अध्यक्ष धर्म संघ पीठ पारिषद, विशिष्ट यजमान मोहन अग्रवाल अध्यक्ष भारत विकास पारिषद, अरुण कौशिल सम्पर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विजय राठौर, अनीश सक्सेना शामिल रहे।

### जिला कांग्रेस का होली मिलन समारोह कल

**कोरबा।** होली पर्व के पावन बेला पर सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, सभापति, पार्षद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, ब्लॉक अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक पदाधिकारियों के विशेष उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टीपी नगर स्थित पाटीदार भवन में 26 मार्च को दोपहर 3 बजे होली मिलन समारोह का आयोजन रखा है। इस मौके पर कोरबा जिलेवासियों को आमंत्रित किया गया है।

### एक शाम शहीदों के नाम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कुसमुंडा के आदर्श नगर में आयोजित कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम के तहत स्थानीय कलाकारों ने देश भक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुति देकर शहीदों को नमन किया गया। सभी लोगों ने शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित किया। इसके गायक कलाकारों ने वतन पर जान न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की शान में एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीतों से शमां बांधा। मुख्य अतिथि के रूप में नारी शक्ति महिला मंडल प्रेरणा महिला मंडल व अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। नारी शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि 23 मार्च शहीदी दिवस मनाया जाता है। हमारे देश के तीन जवान भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव देश की आजादी के खातिर हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। उनकी इस कुर्बानी को हमें याद रखना चाहिए। देश पर कुर्बान हो जाने वाले शहीदों के कारण हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, सभी ने वीरों को श्रद्धांजलि दी।

### खुदाई के दौरान घर में निकला सांप



**कोरबा।** एक घर में खुदाई के दौरान फावड़ा चलाते समय एक सांप निकला। सांप को देखते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मकान मालिक ने सांप मिलने की सूचना स्नेक कैचर को दी। स्नेक कैचर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सांप को निकाला और सुरक्षित जंगल में छोड़ा। मकान मालिक राजेश यादव ने बताया कि घर पर कुछ निर्माण कार्य चल रहा है जहां मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक खुदाई करते समय एक नाग सांप निकल गया, जिसे देख सभी घबरा गए। मकान मालिक ने स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी को फोन किया जिस पर स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी राजेश यादव के घर आए और बताया कि मौसम का मिजाज बदलने के कारण सांप निकलने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। ऐसे सीजन में सांप काफी खतरनाक रहते हैं। स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सांप को निकाला और सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

# धमनागुड़ी और खरहरी में आज भी नहीं जलाई जाती होली और न ही लगाया जाता है रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में दो गांव ऐसे हैं जहां प्राचीन परंपराओं को माना जाता है। एक तरफ जहां ग्राम पंतोरा में लठमार होली मनाई जाती है तो वहीं धमनागुडी एवं खरहरी में ना होलिका दहन होता है और ना ही रंग खेला जाता है। यह अपने आप में एक अनूठी परंपरा है। जब लोग होली के रंग में सराबोर नजर आते है, तब इन दो गांव के निवासी रंग से दूर रहते हैं आखिर ऐसा क्यों? ऐसे कई सवाल आम जनमानस में हमेशा उठते रहते हैं। इसके पीछे भी दशकों परंपराएं हैं जिसका निर्वहन हो रहा है। करतला विकास खंड के पठियापाली पंचायत के आश्रित गाँव धमनागुडी की महिलाओं ने उन्हें डांग से पीटना शुरू कर दिया। महिलाएं बार-बार कह रही थी कि होलिका माता के सामने अपशब्द कर रहे थे और अपशब्द फाग गीत गा रहे थे, मैं इस गांव की देवी हूं मुझे ऐसा अपशब्द बोलने से अच्छा नहीं लगता। फिर सभी ग्रामीण बैगा धोंधू गौटिया के पास गये और उसे घटना के बारे में बताया। तब देवी की पूजा अर्चना कर माफी मांगी गई महिलाएं शांत हो गईं। उसी दिन रात्रि में बैगा स्वप्न में आकर देवी ने कहा कि मैं डंगाही माता हूं, होलिका दहन कर गांव के लोग मेरे सामने गाली अपशब्द आदि का उपयोग कर रहे थे जो मुझे अच्छा नहीं लगा। अब होलिका दहन मत करना और होली नहीं खेलना। तब से तकरीबन 200 साल से अधिक का समय गुजर गया है। धमनागुडी में ना तो होलिका दहन होती है और ना ही रंग गुलाल खेले जाते हैं। उस समय से शुरू हुई यह परंपरा आज भी गांव में इस डर से मानी जाती है कि होली खेलने पर कहीं कोई बड़ी अनहोनी न हो जाए। इसी तरह कोरबा चांपा मुख्य मार्ग के बीच मडवारानी खरहरी में भी सैकड़ों वर्षों से होलिका दहन नहीं किया जाता है और न ही रंग गुलाल खेला जाता है यहाँ के बुजुर्गों ने बताया कि दादा परदादा के समय दशकों वर्ष पूर्व होली के खरहरी गाँव में अचानक आग लग गई आग पहाड़ ऊपर मंदिर स्थल तरफ से आने की बात कही गई। इससे गांव के बुजुर्गों को लगा कि होलिका दहन से मडवारानी नाराज हो गई जिसके कारण गाँव आग लग गई तब से यहाँ होलिका दहन नही किया जाता वही कोरबा चांपा मुख्य मार्ग में स्थित मां मडवारानी क्षेत्र खरहरी गाँव के अंतर्गत आता है इस कारण मडवारानी क्षेत्र में भी होलिका दहन नहीं किए जाने की प्रथा है।

**धमनागुड़ी में 2 सौ साल से नहीं होता होलिका दहन**

**खास बातें**

- खरहरी गांव में दशकों पूर्व लगी आग के बाद नहीं मनाई जाती होली
- मां मड़वारानी व डंगाही माता होती है नाराज



## नगाड़ों की थाप के बीच धूमधाम से मनाई जा रही होली

# शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में होलिका दहन, आज जमकर उड़ेगा अबीर-गुलाल



होली दहन के पूर्व होलिका की पूजा अर्चना करती महिलाएं एवं श्रद्धालु।



होलिका में बड़हूला अर्पित करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होलिका दहन देर रात विभिन्न स्थानों में किया गया। मुहूर्त के अनुसार होलिका दहन को लेकर पूर्व से ही तैयारी की गई थी। शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में देर शाम के बाद होलिका दहन की शुरूआत हुई। इस दौरान होलिका दहन वाले स्थानों में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम भी भ्रमण कर रही थी।

रंगों के त्योहार की धूम शहर समेत उपनगरों में एक सप्ताह पूर्व से ही दिखने लगी। बाजार में जहां देखो, वहां रंग व गुलाल की दुकानें सजी हुई हैं। त्योहार की खुशियां मनाने के लिए लोगों की भीड़ बाजार में बढ़ गई है। लोग जरूरी सामग्री की खरीदारी करने बाजार में पहुंच रहे हैं। इसके कारण हर तरफ रंगोत्सव का माहौल बना हुआ है। रविवार को होलिका दहन के बाद सोमवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। शहर के हर मोहल्ले और कॉलोनियों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में दहन के लिए होलिका बनकर तैयार है। कहीं-कहीं होलिका को सजाया भी गया है, तो कहीं आयोजनों के माध्यम से सामूहिक रूप से उत्सव मनाने की तैयारी कर ली गई है। होली त्योहार को लेकर बाजार में होली के सामान रंग, गुलाल, पिचकारी, टोपीया, गुब्बारे, नकली बाल सहित अन्य सामानों स्टॉल सजकर तैयार हो चुके है। नगर की दुकानों में रविवार को ग्राहकों की भीड़ के साथ बाजार में रौनक थी। रंग गुलाल का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ नगर सहित आसपास के गांवों में मनाई जाएगी, जिसके लिए बच्चे सहित सभी वर्गों के लोग अपनी अपनी तैयारी में जुट गए है, इधर बाजार में होली से संबंधित सामानों से सजी दुकानों में ग्राहकों की भीड़ दिनभर नगर में देखने को मिली।

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस के 7 सौ अधिकारी-कर्मचारी तैनात**



होली के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पहले ही कमर कस ली थी। रविवार की दोपहर होते ही पुलिस चौक-चौराहों में तैनात हो गई। साथ ही पुलिस पार्टी ने सड़कों पर पेट्रोलिंग करना शुरु कर दिया। अगर इस रंग के पर्व को बेरंग करने की कोशिश की तो उसे जेल में होली मनानी पड़ेगी। जिला पुलिस के 700 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम इस पर्व को संपन्न कराने में तैनात रहेगी। वहीं दूसरी ओर पुलिस के वरिष्ठ अफसर भी पूरे दिनभर क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर पल पल का जायजा लेते रहेंगे। आज जिले में होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर उन्हें होलिका दहन व होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पहले ही हिदायत दी जा चुकी है। रविवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च कर गुंडों को सावधान रहने के लिए हिदायत दी है। वहीं जिसके उपरांत दोपहर को पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई थी। जहां शहर के चौक-चौराहों में शस्त्र जवानों को तैनात किया गया है। यदि इस बीच कोई भी हुड़दंग करते पाया गया तो उसका खैर रही है और उसे जेल में ही होली मनानी पड़ेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने बताया कि कुल 700 अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।

**मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री हुई तेज**

होली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावटी खाद्य पदार्थों का धंधा बढ़ गया है। छोटी-बड़ी दुकानों में मिलावटी खाद्य सामग्रियों की बिक्री तेज हो गई है। दूध, खोया, पनीर, छेना व इससे निर्मित मिठाइयों की दुकानें सजने लगीं है। दुकानदार अधिक लाभ के लिए मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे हैं। बाजारों में मिलावटी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। ग्राहकों को मनमाने ढंग से ठगा जा रहा है। लोगों ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। होली पर्व के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग द्वारा एक दिन पूर्व ही शहर के घंटाघर, निहारिका, टीपी नगर, कोरबा सहित अन्य जगहों पर संचालित मिष्ठान्न भंडारों एवं डेयरी का निरीक्षण कर सैंपल संग्रहित किया गया था।

**कार्टूनिस्ट पिचकारियों की धूम**

इस बार काफी युवा हर्बल रंग खरीदने को वरीयता दे रहे हैं। अधिकांश दुकानों पर चीन निर्मित सामान नहीं देखने को मिल रहा है। शहर के घंटाघर में सजे पिचकारियों के बाजार में सत्येंद्र राठौर ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से चायनीज सामान की डिमांड में कमी आई है। इस बार होली पर छोटा भीम, डोरीमोन, पांडा, मोटू-पतलू व फेंटम की पिचकारियों की धूम देखने को मिल रही है। बच्चों में इन पिचकारियों का अच्छा खासा क्रेज है। इनके अलावा कई कार्टून से लेकर बंदूक, टैंक और बार्बी जैसे तमाम करेक्टर की दर्जनों से अधिक पिचकारियां व ईको फ्रेंडली गुलाल और रंग से दुकान पटे हैं।





वह घर जहां हुई आगजनी की घटना।

# असामाजिक तत्वों ने ग्रामीण के मकान में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

असामाजिक तत्वों ने एक ग्रामीण के मकान में आग लगा दी थी। देर रात को हुई आगजनी की घटना के बाद डायल 112 की टीम को इसकी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मकान में लगे आग को किसी तरह काबू किया गया। आग किसने और क्यों लगाई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के प्रारंभिक जांच के मुताबिक आपसी रंजिश को लेकर गांव के किसी व्यक्ति ने ही यह आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम फरसावानी की है। यहां निवासरत राकेश श्रीवास पिता लक्ष्मी नारायण श्रीवास घर में देर रात को सोया हुआ था। इस दौरान देर रात को किसी असामाजिक तत्वों ने उसके मकान में आग लगा दी और सुबह लगभग 4 बजे जब उसे पता चला तो उसने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के निर्देश पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आगजनी की घटना सामने आने पर ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग को काबू किया गया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक आगजनी की घटना को किसी असामाजिक तत्व ने ही अंजाम दिया है जो किसी आपसी रंजिश के चलते यह घटना हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खास बातें**

- डायल 112 की टीम ने आग को किया काबू
- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम फरसवानी में देर रात हुई घटना

**जनपद कार्यालय में आगजनी, जांच में जुटी पुलिस**

कटघोरा जनपद कार्यालय में अज्ञात शख्स के द्वारा आग लगाने, तोड़फोड़ करने और चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले की शिकायत पुलिस में की गई है। ज्ञात हो कि 23 मार्च की रात जनपद पंचायत के अध्यक्ष - उपाध्यक्ष और प्रधानमंत्री आवास शाखा में इस घटना को अंजाम दिया गया है। कार्यालय के टेबल पर लगे कांच को तोड़फोड़ किया गया है। साउण्ड सिस्टम की चोरी की गई है। कमरों के परदे में आग लगा दी गई है। इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धरम नारायण तिवारी ने बताया कि कार्यालय के परदे को आग के हवाले किया गया है बताया जाता है कि वहां पदस्थ चौकीदार पर संदेह जताया गया है जिसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीजल चोरों के कब्जे से एक कैंपर वाहन, 280 लीटर डीजल जप्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त कैंपर व डीजल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अवैध डीजल एवं कबाड़ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नगर पुलिस अधीक्षक रविंद्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कुसमुंडा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ डीजल चोरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस कड़ी में शनिवार को रात्रि में एसईसीएल कुसमुंडा में पेट्रोलिंग में लगे सुरक्षा प्रभारी के द्वारा सूचना दिया गया कि एसईसीएल कुसमुंडा खदान कोल स्टाफ 25 में डोजर से डीजल चोरी कर कैंपर से भाग रहे हैं। इस सूचना पर थाना कुसमुंडा के पुलिस स्टाफ के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी का एसईसीएल के सुरक्षा में लगे कर्मचारियों के साथ कैंपर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 4163 एवं कैंपर में 8 जरीकेंन में भरा 280 लीटर डीजल मिला। पकड़े गए आरोपियों में खिसोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा निवासी देवानंद उम्र 19 वर्ष पिता अंजोर साय, अयोध्यापुरी जमनीपाली दर्री निवासी आकाश राय यादव उम्र 23 वर्ष पिता सुशील यादव शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक कैंपर वाहन 8 जरीकेंन में भरा 280 लीटर डीजल को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 379,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## ग्राम पंचायत उतरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का मामला

# पीएचसी अस्पताल बना पिकनिक स्पॉट, मरीज हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पाली ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलकर रख दी है। तमाम दावे हवे में लटके नजर आए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की मनमानी देखने को मिली है। चिकित्सक और पूरा स्टाफ मरीजों का इलाज करने की बजाय होली खेलने में मस्त नजर आया है। जिसकी वजह से मरीज व परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जिले में लोगों के उपर होली का खुमार किस कदर चढ़ा हुआ है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है,कि सरकारी अमला अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करना चाह रहा है। पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत उतरदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल कुछ ऐसा है,कि अस्पताल के कर्मचारी होली मनाने में व्यस्त है और मरीजों को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। आलम यह है,कि स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल परिसर में ही गैस चूल्हा लेकर बर्तन के साथ पिकनिक पार्टी करने में व्यस्त है। अस्पताल के चिकित्सक के शह पर पूरा खेल चल रहा,लिहाजा मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग से इस दिशा में कार्रवाई करने की मांग कर रहे है। बता दें कि ग्राम पंचायत उतरदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पूरा स्टाफ होली मनाता दिखा। कोई चिकित्सक मरीज को देखने को तैयार नहीं था। इतना ही नहीं स्वास्थ्य केंद्र में ही गैस-सिलेंडर और बर्तन लेकर पिकनिक पार्टी किया जा रहा था।





इंतजार करते मरीज व परिजन एवं होली पिकनिक मनाते स्टाफ।

**जारी किया जाएगा नोटिस**

घटना की जानकारी मिली है सबंधित स्टॉफ को नोटिस जारी किया गया है। जांच के बाद आगे नियमानुसर कार्रवाई की जाएगी।

-बीएल रात्रे, बीएमओ, पाली

24 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 3/24/2024 7:04 PM Page 1





# 26 को आएगा बड़े मियां छोटे मियां का ट्रेलर

**मुंबई।** अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इन दिनों काफी चर्चाओं में बनी हुई है। फैंस इस मूवी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभी तक फिल्म का टीजर और गाने रिलीज किए जा चुके हैं, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब 'बड़े मियां छोटे मियां' के मेकर्स ने इसके ट्रेलर रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म को अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। वहीं, इसके प्रोडक्शन की जिम्मेदारी वासु भगनानी और जैकी भगनानी की कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट ने संभाली है। यह मूवी इस साल ईद के मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

लाइफ Style

# श्रद्धा



## प्यार को मिली परिवार से हरी झंडी

बॉलीवुड ब्यूटी श्रद्धा कपूर प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती है। उन्हें लेकर अक्सर कुछ न कुछ मीडिया में आता है। एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में है और इसकी वजह है उनकी शादी की चर्चा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रद्धा कपूर हमेशा चर्चा में रहती हैं। कभी अपने सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से, तो कभी रिलेशनशिप की वजह से। बता दें कि लंबे समय से अभिनेत्री का नाम राहुल मोदी के साथ जोड़ा जा रहा है। अनंत और राधिका की प्री वेडिंग के लिए जाते वक्त भी एयरपोर्ट पर दोनों को एक साथ देखा गया था। दोनों के रिलेशन को लेकर कई बार बातें हो चुकी हैं। हालांकि, ऑफिशियल लेवल पर इन्होंने कुछ नहीं कहा। मगर अब दोनों के रिलेशन को लेकर खुलासा किया गया है। श्रद्धा और राहुल के बीच फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के सेट पर नजदीकियां बढ़ी थी। इसके बाद से ही इनकी नजदीकियों के चर्चे शुरू हो गए।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राहुल और श्रद्धा अपने बॉन्ड को लेकर कन्फर्म हैं, इसलिए उन्होंने रिलेशनशिप को छिपाने की कोशिश नहीं की। यही कारण है कि दोनों को समय-समय पर साथ देखा गया है। बता दें कि अनंत और राधिका की प्री वेडिंग के लिए जब श्रद्धा कपूर जामनगर के लिए रवाना हुई थीं, तब वहां उन्होंने आदित्य रॉय कपूर को राहुल से मिलवाया था। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि श्रद्धा और राहुल काफी प्राइवेट पर्सन हैं। हालांकि, जिस तरह वह साथ में स्पॉट होने से थोड़ा घबरा जाते थे, अब ऐसा नहीं है।

# वैनेसा ने बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस वैनेसा हजेंस के घर जल्द ही नन्हें मेहमान की किलकारी गूंजने वाली है। जी हां, वैनेसा हजेंस कोल टकर संग अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रही हैं। इससे पहले उन्होंने किसी को भी इस गुड न्यूज की भनक तक नहीं लगने दी थी। लुक की बात करें तो हसीना ने ब्लैक कलर का बॉडीकॉन गाउन पहना थे। ये गाउन फुल स्लीव का था, और बिल्कुल प्लेन था। बॉडीकॉन होने की वजह से इस गाउन में उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था, जो काफी क्यूट दिख रहा था। उन्होंने ग्लॉसी न्यूड मेकअप चुना था। डार्क आईमेकअप उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। एक्ट्रेस ने अपनी लिपस्टिक को भी काफी ग्लॉसी ही रखा था। लुक को ग्लैमरस बनाने के लिए उन्होंने आधे बालों की पोनीटेल बनाते हुए बालों को कर्ल किया था। इसके साथ ही लंबे नाखून, उंगलियों में अंगूठियां, कानों में ईयररिंग और गले में डायमंड का सेट उनके ऑल ब्लैक लुक को परफेक्ट बना रहा था। बता दें कि अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस वैनेसा हजेंस ने बीती साल ही दिसंबर में मेक्सिको के टुलम में मेजर लीग बेसबॉल आउटफील्डर कोल टकर से शादी की थी।



# अब भूमि करेंगी वेब सीरीज में डेब्यू

**मुंबई।** शुरुआत से अगर कलाकार अपने लिए सशक्त भूमिका तलाश ले तो उसे वैसा काम मिलने लगता है। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के साथ भी ऐसा ही रहा है। भूमि अब वेबसीरीज में कदम रख रही हैं। अपनी पहली सीरीज 'दलदल' में वह पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि कहती हैं, मुझे करियर के शुरुआती दौर से ही चुनौतियां पसंद रही हैं। खास बात यह है कि शुरू से ऐसी भूमिकाएं मिलीं, जिन्होंने मुझे मेरी सीमाओं से आगे जाकर काम करने की हिम्मत दी। भूमि ने आगे कहा, "वेब सीरीज 'दलदल' का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जोनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मैं इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाने के लिए उत्सुक हूं।



# साइलेंस 2 का टीजर आया सामने

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की 'साइलेंस' का तीन साल बाद सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में अभिनेता की परफॉर्मेंस के अलावा फिल्म की सस्पेंस थ्रिलर कहानी भी खूब पसंद की गई थी। लंबे समय से फिल्म के सीक्वल का इंतजार हो रहा था। आखिरकार, अब फिल्म के दूसरे पार्ट का ऐलान कर दिया गया है। तीन साल बाद 'साइलेंसः कैन यू हियर इट?' का सीक्वल 'साइलेंस 2ः नाइट आउल बार शूटआउट' आ रहा है। एक बार फिर मनोज बाजपेयी एसीपी अविनाश बनकर क्रिमिनल्स के छक्के छुड़ाएंगे। शनिवार को फिल्म की अनाउंसमेंट एक शानदार वीडियो के जरिए की गई है। मनोज बाजपेयी ने 'साइलेंस 2' से एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है और अपना दमदार अवतार दिखाया है। वीडियो के साथ कैप्शन में मनोज ने लिखा, "क्रिमिनल्स को दोबारा साइलेंट करने, एसीपी अविनाश फिर से आ रहा है।

# क्रू की स्क्रिप्ट सुन कर कृति की छूटी थी हंसी

मुंबई। "क्रू" के ट्रेलर और गाने को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह कहा जा सकता है कि इस कमर्शियल फैमिली एंटरटेनर के आने के लिए इसने एक परफेक्ट टोन सेट किया है, साथ ही साथ इस चीज ने दर्शकों की उत्सुकता को भी फिल्म देखने के लिए बढ़ा दिया है। फिल्म की रिलीज में सिर्फ एक हफ्ता बचा है। क्रू वह फिल्म है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में ट्रेलर ने बिल्कुल साफ़ कर दिया है कि फिल्म दर्शकों के लिए बहुत सारा एंटरटेनमेंट लेकर आने वाली है, लेकिन कृति को फिल्म में लाने की कहानी और भी ज्यादा दिलचस्प है। कृति के ऑन बोर्ड आने की कहानी को शेयर करते हुए राइटर मेहुल सूरी और निधि मेहरा ने कहा है, कृति ने जब स्क्रिप्ट सुनी तो वह अपनी हंसी नहीं रोक पाईं, उन्हें यह बेहद मजेदार लगी। उन्हें यह इतनी पसंद आई कि उन्होंने पूरी कहानी सुने बिना ही तुरंत इस रोल के लिए हामी भर दी। उनके जेनुइन रिएक्शन ने साबित कर दिया कि स्क्रिप्ट वाकई कितनी मजेदार है।"



# 'मेरे सपनों की रानी' गाने की शूटिंग में मौजूद नहीं थीं शर्मिला, कैसे पूरा हुआ था गाना.....

राजेश खन्ना ने अकेले करने पड़ी की गाने की शूटिंग, डेटस की आई थी दिक्कत

1969 में रिलीज हुई फिल्म 'आराधना' ने आते ही शोर मचा दिया था। शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना इस फिल्म के लीड थे। 'आराधना' की सफलता ने दोनों की लोकप्रियता में चार चांद लगा दिए। फिल्म का एक गाना था 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू', जो सुपरहिट रहा था। इस गाने का जादू आज भी बरकरार है।



**मुंबई।** 'आराधना' में शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना की जोड़ी का खूब पसंद किया गया। दोनों की केमिस्ट्री गाने 'मेरे सपनों की रानी' में भी देखने को मिली। इस फिल्म ने पहले से स्टार शर्मिला और राजेश को सुपरस्टार बना दिया। 'आराधना' के गाने 'मेरे सपनों की रानी' में राजेश खन्ना जीप की सवारी करते हुए नजर आते हैं। जहां उनके साथ सुजीत कुमार भी थे। वहीं, शर्मिला टैगोर ट्रेन में बैठी हुई थी। 'मेरे सपनों की रानी' की शूटिंग दार्जिलिंग के खूबसूरत लोकेशन पर हुई थी। इस गाने से जुड़ा सबसे हैरान करने वाली बात ये थी कि शूटिंग के दौरान शर्मिला टैगोर मौजूद नहीं थीं। जी हां काका ने 'आराधना' के इस गाने की शूटिंग अकेले की थी।

## राजेश के साथ नहीं थीं शर्मिला

शर्मिला ने इस बात का खुलासा खुद किया था। एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने बताया था, 'आराधना' के सुपरहिट गाने 'मेरे सपनों की रानी' की शूटिंग राजेश खन्ना को अकेले करनी पड़ी थी, क्योंकि उनकी डेट्स आपस में टकरा रही थी। काका ने गाने की शूटिंग दार्जिलिंग में अकेले की थी। वहीं, शर्मिला टैगोर ने अपने हिस्सा की शूटिंग रियर प्रोजेक्शन के जरिए मुंबई के स्टूडियो में की थी। बाद में राजेश खन्ना के साथ उनके सीन को साथ में एडिट कर 'मेरे सपनों की रानी' को तैयार किया गया था।

## आखिर क्यों आई शूटिंग में दिक्कत ?

'आराधना' बनने के पहले ही राजेश खन्ना के एक बड़े स्टार बन चुके थे। उस दौरान एक साथ 12 प्रोड्यूसर ने उन्हें साइन कर लिया था। दूसरी तरफ शर्मिला टैगोर के पास भी कई फिल्में थी। नतीजा ये हुआ कि 'आराधना' की शूटिंग के वक्त दोनों की डेट्स आपस में टकरा गई। हालांकि, किसी तरह गाने को शूट तक तैयार किया, जो बाद हर नौजवान की जुबान पर था।

# राशि ने पूरी की द साबरमती रिपोर्ट की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** अभिनेत्री राशि खन्ना ने अपनी बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की शूटिंग पूरी कर ली है। राशि खन्ना ने फिल्म के सेट से कुछ बीटीएस तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी पोस्ट के साथ लिखा "एंड इट्स ए रैप फ़ॉर, जहां हमने कुछ सच्चाइयों और डेडलाइंस का पीछा किया। यहां कहानियों की ताकत और आवाजें हैं, जिन्हें सुनने की जरूरत है। इस कहानी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकती साथ ही, बेहद आभारी हूं इस डेडिकेटेड और बेहतरीन टीम के साथ काम करने का मौका मिला। 'साबरमती रिपोर्ट' 27 फरवरी 2002 की सुबह गुजरात राज्य के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में हुई घटनाओं की कहानी बताती है। यह फिल्म राशि को बिल्कुल नए अवतार में दिखाएगी। एक्ट्रेस, जिन्होंने अपनी हालिया रिलीज 'योद्धा' के साथ अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया है।



# शैतान बनी अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म

**मुंबई।** अजय देवगन और आर. माधवन की हालिया आई फिल्म शैतान ने हर किसी का दिल जीता हुआ है और फिल्म ने कई सारे रिकॉर्ड अपने नमा किए हैं। ये फिल्म साल 2024 की सुपरहिट फिल्म बन चुकी है और साथ ही इसने कई सारे अपने रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। शैतान के कमाई की बात करें तो फिल्म ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ साल 2024 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। वहीं अगर रिपोर्ट मानें तो शैतान ने अपने 14वें दिन की कमाई के साथ ही दुनियाभर में 162 करोड़ तक का कलेक्शन कर लिया है।



# अब अनुराग हर मिनट की लेंगे फीस 10 मिनट का करेंगे 15 लाख चार्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे हैं जिनकी कला को किसी ना किसी फिल्ममेकर ने पहचाना। उन्हें फिल्मों में काम दिया और उन्हें अच्छे से गाइड किया। ऐसा फिल्ममेकर अनुराग कश्यप भी करते थे लेकिन अब डायरेक्टर ने साफतौर पर कह दिया है कि वो चैरिटी नहीं करते हैं। उनकी एक फीस है जिसे पे करें और जो सीखना है सीख सकते हैं। अनुराग कश्यप ने एक पोस्ट लिखा है, जिसमें अपनी फीस चार्ज करने की बात कही है। अनुराग अब फ्री में किसी को कुछ बताने वाले नहीं हैं। कोई उन्हें उनके मुताबिक फीस देगा वो कुछ भी सीख सकता है और ये नियम आम लोगों पर भी लागू होती है।



# गुत्थी बनकर फिर लौटेंगे सुनील द ग्रेट इंडियन शो में मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** कपिल शर्मा के नए कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। इस शो में कपिल शर्मा के साथ कॉमेडियन सुनील ग्रोवर भी अपने पॉपुलर गुत्थी के कैरेक्टर में वापसी कर रहे हैं। उनके अलावा अर्चना पूरन सिंह, कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक समेत कई अन्य सितारे भी शो में नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत कपिल द्वारा एक गिफ्ट बॉक्स को अनबॉक्स करते हैं, जिसमें से सुनील अपने गुत्थी अवतार में निकलते हैं। कपिल ने एक बयान में कहा, 'जैसा कि ट्रेलर में देखा गया, हम वापस आ गए हैं!

## खबर संक्षेप



### रायल पार्क में बच्चों ने किया योग प्राणायाम का अभ्यास

**अम्बिकापुर।** रायल पार्क कालोनी में सुबह 6 बजे से 7.30 तक योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों ने योग प्राणायाम का अभ्यास किया। योग शिक्षक कमलेश सोनी ने योगाभ्यास का महत्व बताया तथा कहा कि योग, प्राणायाम के नियमित अभ्यास से मन एकाग्र होता है तथा स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। व्यक्ति में साहस, करूणा, सहनशीलता, पुरूषार्थ जैसे गुण विकसित होते है। इस दौरान बच्चों को योगिग जागिंग, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, सिंहासन, कास्यासन का अभ्यास कराया गया। इस दौरान राजेन्द्र अग्रवाल, अखिलेश सोनी, अनिल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### अग्निवीर में चयनित होने पर गांव के लोगों ने रोहित मुंडा का किया भव्य स्वागत



**कुसमी।** विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत घुटरा डीह निवासी रोहित कुमार मुंडा (19 वर्ष( का अग्निविर में चयनित होने पर गांव के लोगों ने भव्य स्वागत किया गया । साथ ही रोहित कुमार मुंडा को मिठाई खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। घुटरा डीह गांव में बाजे गाजे के साथ रोहित के रोहित मुंडा के घर पहुंचे और पूरे गांव में रैली निकाली गई।अग्निविर में रोहित कुमार मुंडा के चयनित होने पर विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह व भाजपा नेता राजेश्वर गुप्ता द्वारा शॉल भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान भाजपा नेता अर्जुन यादव, डब्लू यादव, राजा गुप्ता, अशोक सोनी, दिलीप गुप्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित ग्राम पंचायत घुटराडीह काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**अंबिकापुर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में राजनीतिक कार्यक्रम किए जाने पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज कराई है। जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शासकीय शैक्षणिक संस्थान जहां वार्षिक परीक्षा का संचालन हो रहा है उस परिसर में राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति सत्ताधारी भाजपा दबाव बनाकर अनुमति ली गयी है ऐसा प्रतीत होता है।कांग्रेस ने इस मामले पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

### अस्पताल परिसर से चोरों ने पार किया बाइक, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। अस्पताल परिसर से एक बार भी चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोग परेशान है।गत दिन भी चोरों ने अस्पताल परिसर से एक बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर भाटपारा निवासी दिलीप कुमार आ. रामजीत (24 वर्ष) 7 मार्च को पत्नी लीलावती को प्रसव कराने एमसीएच में भर्ती कराया। युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजे 2511 को अस्पताल परिसर में खड़ा कर वार्ड में गया था। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### मतप्रतिशत बढ़ाने होली पर भेजा गया मतदान का आमंत्रण कार्ड

**बलरामपुर।** मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार आम लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रीमिजियुस एक्का के निर्देशन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में चुनाव का पर्व, देश का गर्व, लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जिला प्रशासन के द्वारा अनोखी पहल करते हुए होली की शुभकामनाओं के साथ लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अवश्य मतदान करने के लिए आमंत्रण कार्ड के माध्यम से जिले के लगभग 1 लाख से अधिक मतदाताओं तक मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश भेजा गया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए कहा गया कि सभी मतदाता 7 मई को मतदान दिवस के दिन अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। एक-एक वोट से बेहतर लोकतंत्र का निर्माण कर अपनी सरकार बना सकते हैं।

टीचर्स एसोसिएशन ने लोकसभा चुनाव ड्यूटी के संबंध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# चुनाव में 55 वर्ष से अधिक उम्र व गंभीर बीमारी वाले कर्मचारियों को ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी अधिकारीयों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने व 55 वर्ष से अधिक उम्र,गंभीर बीमारी से ग्रसित, शिशुवती,गर्भवती महिला कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोरबा के पदाधिकारीयों द्वारा कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर चर्चा किया गया।




कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते टीचर्स एसोसिएशन।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री प्रमोद सिंह राजपूत,जिला अध्यक्ष मनोज चौबे,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक,मिडिया प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने सकारात्मक चर्चा व निर्णय के लिए कलेक्टर महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अधिकारी कर्मचारियों के हितार्थ में सौंप गए। ज्ञापन के सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा सकारात्मक निर्णय लेते हुए प्रथम चरण का प्रशिक्षण सभी विकासखंड मुख्यालय में होगा,प्रशिक्षण में ज्यादा परेशानी नहीं होने पर द्वितीय चरण का भी प्रशिक्षण सभी विकासखंडों में होगा चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों अधिकारियों को चुनाव मानदेय की राशि निर्वाचन पश्चात लगभग 3 से 5 दिन के अंदर ऑनलाइन भुगतान हेतु होगा विधानसभा पाली और तानाखार के लिए मतदान सामग्री वितरण व जमा कटघोरा में किया जाएगा ताकि दूर वालों के लिए सुविधा हो कोरबा स्थानीय वालों हेतु पति पत्नी अगर नौकरी में है तो पत्नी का ड्यूटी लगने पर पति का ड्यूटी नहीं लगाने का प्रयास किया जाएगा गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं,अधिक उम्र, दिव्यांग, गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारियों का ड्यूटी नहीं लगाने मतदान सामग्री जमा करने हेतु पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था। सामग्री वितरण व जमा केंद्र में कैंटीन का यथासंभव व्यवस्था, ताकि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी अधिकारी स्वयं की व्यय से नाश्ता व भोजन कर सकेंगे अन्य विषयों पर ठोस आश्वासन दिया गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक ने बताया कि निर्वाचन कार्य में मतदाता मित्र के रूप में कार्य करने वाले एनएसएस, एनसीसी स्काउट गाइड के स्वयं सेवक, मतदाता मित्रों को प्रोत्साहित करने प्रशस्ति पत्र प्रदान करने कलेक्टर ने आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री प्रमोद सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष मनोज चौबे, जिला उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप जायसवाल, जिला संगठन मंत्री सत्य प्रकाश खांडेकर, प्रचार सचिव बैसाखूराम वरकड़े, जिला पदाधिकारी जयकुमार कमल, राधे मोहन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष पाली नागेंद्र मरावी, संकुल अध्यक्ष रमेश जांगड़े, प्रताप सिंह राजपूत, पाली ब्लॉक कोषाध्यक्ष रवि चंद्रा, ओमकार साहू, रामकृष्ण पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# केंद्रों पर दो हजार क्विंटल धान जाम, उठाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान की खरीदी खत्म हुए लगभग डेढ़ माह पूरा होने को है, लेकिन उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो सका है। अभी भी दो हजार क्विंटल से अधिक धान अलग-अल केंद्रों पर जाम हैं। इससे सहकारी समितियां परेशान हैं। समितियों ने धान उठाने के लिए उप पंजीयक से मदद मांगी है।

**खास बात**

- सोसायटियों को आर्थिक नुकसान की सता रही चिंता

जिन केंद्रों में धान की बोरियों अभी भी पड़ी हुई है। उसमें कुदमुरा, पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड का पोड़ी, नवापारा, चनवारी नवापारा, रामपुर बोईदा और बेहरचुआं शामिल है। इन समितियों में 180 क्विंटल से लेकर 480 क्विंटल तक धान पड़ा हुआ है। बार- बार मौसम के रंग बदलने और समय पर धान का उठाव नहीं होने से सहकारी समितियां परेशान हैं। उन्हें धान के खराब होने की चिंता सता रही है। समितियों का कहना है कि समय पर धान का उठाव नहीं हुआ तो इससे नुकसान होगा और प्रशासन इसकी भरपाई समितियों से ही करेगा। इस स्थिति में समितियों की आर्थिक स्थिति खराब होगी। परेशानी बढ़ेगी। सहकारी समितियों ने उप पंजीयन सहकारिता और विपणन विभाग से धान की बोरियां जल्द उठाने की मांग की है। 110 राइस मिलर्स कोरबा के बजाए दूसरे जिले से उठा रहे धान धान की मिलिंग के लिए कोरबा जिले के 110 मिलर्स ने प्रशासन के साथ अनुबंध किया है। धान खरीदी चार फरवरी को खत्म हो गई है। इसके पखवाड़े भर के भीतर धान का उठाव करना था। लेकिन विपणन विभाग की उदासीनता के कारण राइस मिलर्स ने सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों से धान की बोरियों का उठाव नहीं किया, बल्कि इस अवधि में जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बिलासपुर जिले से धान को उठाकर अपने यहां भर दिया। कोरबा के मिलर्स अभी भी जिले के उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। इससे समितियां चिंतित है। आर्थिक नुकसान की भरपाई से परेशान हो रही है।

# लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी का भदरापारा में हुआ जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत।

कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना महंत का लगातार जनसंपर्क कार्यक्रम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा। इसी दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने बालको नगर वार्ड 36 भद्रापारा में भी जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं आमजन लोगों से मुलाकात की गई। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सपना चौहान कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर, दुष्यंत शर्मा ब्लाक अध्यक्ष बालको कांग्रेस, उस्मान खान वरिष्ठ कांग्रेसी, विकास डालमिया पूर्व जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी, कृपाराम साहू एमआईसी मेंबर नगर निगम, जय प्रकाश यादव महासचिव इंटक, रूबी तिवारी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, नागेंद्र राय वरिष्ठ कांग्रेसी एवं महामंत्री पूर्वांचल विकास समिति, फूल दास महंत प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, शशिलता पांडे वरिष्ठ कांग्रेसी, पुष्पा पात्रे जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति,डॉ.एचके राठौर ब्लाक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग, मुन्ना खान ब्लाक उपाध्यक्ष बालको कांग्रेस कमेटी, सुभाष बघेल, राजेन्द्र दीवान, आरएस कटकवार, जगन्नाथ थवाईत, कांति बरेठ, स्वाति पाटले, प्रतिभा पाटले, मंजू सिंह क्षत्रिय, सरस्वती महंत, ममता कटकवार, राधा महंत, नारायणी यादव, क्रांति यादव, रुक्मणी निर्मलकर, रानी गुप्ता, सुनीता कवर, पूनम पाटले, साधना राज, संतोषी बरेठ, भागमती बरेठ, ममता खलखो, प्रेमलता जगत, मुक्ति दानी मिंज, सोनू ओग्रे एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# बालको की उन्नति परियोजना के रंगों से स्व-सहायता समूह की महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को गुलाल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनी के उन्नति परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षिण के माध्यम से एसएचजी सदस्यों ने विभिन्न उत्पाद बनाना शुरू किया है। होली त्योहार के मौके पर बनाये गुलाल से महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता के रंग भर गए हैं जो आय सृजन के लिए उनके अतिरिक्त स्त्रोत का जरिया बना।



बालको के उन्नति परियोजना के अंतर्गत डेकोराती माइक्रो-एंटरप्राइज के तहत 3 एसएचजी समूहों की महिलाएं द्वारा गुलाल बनाने का कार्य किया जा रहा है। बालको के सहयोग से 2022 में शुरू गुलाल बनाने के कार्य में मौजूदा समय में कुल 12 एसएचजी महिलाएं शामिल हैं जो होली पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी सचेत रहने की सीख दे रही हैं। पौधों की जड़ों और उसके पत्ते से निकाले गए प्राकृतिक रंग हमारी त्वचा के लिए सुरक्षित हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक को बढ़ावा देता है। उन्नति के गुलाल बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण के अनुकूल हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है। सुगंधित गुलाब जल और केवड़ा जैसे प्राकृतिक अवयवों से तैयार किए गए ये रंग कठोर हानिकारक रसायनों से मुक्त हैं जो आपकी त्वचा के लिए सुरक्षित और कोमल अनुभव सुनिश्चित करते हैं। बालको के उन्नति परियोजना के अंतर्गत एसएचजी सदस्यों द्वारा उन्नति इको और उन्नति हैप्पी दो प्रकार के गुलाल बनाये जा रहे हैं। कॉर्न स्टार्च में खाद्य रंग को मिलाकर उन्नति इको गुलाल बनाया जा रहा है तथा कॉर्न स्टार्च में पौधों के जड़ों पत्तों के रंग को मिलाकर उन्नति इको गुलाल बनाया जा रहा है जो त्वचा को बिना नुकसान पहुंचाये त्योहार के उत्सव को बढ़ा रहा है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सिंथेटिक रंगों के विपरीत, उन्नति हैप्पी सब्जी-आधारित बायोडिग्रेडेबल रंगों से बना है जो होली मनाने के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प है। उन्नति परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जिससे उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में मदद मिली है। कोरबा के 45 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 534 स्व-सहायता समूहों की लगभग 5744 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है। परियोजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के फेडरेशन विकास की दिशा में कार्य जारी है। महिलाओं को क्षमता निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, सूक्ष्म उद्यमों के प्रचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी सरोज ने कोरबा निहारिका क्षेत्र में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जनसंपर्क करती भाजपा प्रत्याशी डॉ सरोज पाण्डेय, मंत्री श्री देवांगन।

आज कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय निहारिका और मुख्य मार्ग कोरबा में जनसंपर्क पर निकली। सड़क किनारे ठेला-गुमटी वालों से लेकर बड़ी-बड़ी दुकानों और शो रूम सहित क्षेत्र के आम नागरिकों से मुलाकात और हालचाल जानकर भाजपा को जिताने की अपील की। घंटाघर के पास ठेला-गुमटी वालों से भी सह्दयता पूर्वक मिली और युवतियों से हाथ मिलाकर वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री के रूप में फिर से नरेंद्र भाई को लाना है और देश को आगे बढ़ाना है। जब सरोज पांडेय युवतियों से, ठेला-गुमटी चलाने वाली महिलाओं से हाथ मिलाते हुए आगे बढ़ रहीं थीं। सरोज पांडेय इसके बाद चौपाटी पहुंची और सभी से मिलकर सहजता के साथ जिताने की अपील की। कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी की गारंटी का पाम्पलेट भी बांटा गया। सरोज पांडेय के साथ केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन भी लोगों से कमल खिलाने की अपील की और कहा कि इस बार सरोज पांडेय को ऐतिहासिक मतों से जीताएं और देश में फिर से भाजपा की सरकार बनाएं। जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र पांडेय, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, निगम में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, रामनारायण सोनी, नरेंद्र पाटनवार सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे। रैली की शक्ल में निकला जनसंपर्क में भाजपा का झंडा लेकर कार्यकर्ता चल रहे थे।

### कोयला कर्मचारी एसोसिएशन का बैठक संपन्न

**कोरबा।** सामुदायिक पटेल मरार समाज भवन हरदीबाजार में शनिवार को भू विस्थापित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन का बैठक आयोजित की गई। संगठन के लोग एक स्थान पर बैठकर रणनीति बना सकें इसके बारे में चर्चा की गई। पदाधिकारियों को बुके भेंटकर व फुल माला पहनाकर आईडी कार्ड व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर जनकु दास दीवान, विनोद सिंह करपे, जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर यादव, नंदकुमार कुमार पटेल, विद्यानंद राठौर, राजकुमार कश्यप, जिला सचिव प्रमोद कुमार पटेल, ईश्वर पटेल, अयोध्या पटेल, जिला कोषाध्यक्ष प्रहलाद राठौर, जिला सहकोषाध्यक्ष राजकुमार ओगरे, जिला मिडिया प्रभारी संजय पटेल, दुर्गेश मरावी, बसंत पटेल,विष्णु पटेल, लखन लाल यादव, कृष्ण कुमार जायसवाल, कार्यालय प्रभारी राजकुमार पटेल, ग्रामीण जिला कार्यकारिणी सदस्य अजय पटेल, महेत्तर पटेल आदि उपस्थित थे।

# ठेकेदार की मनमानी जारी, एसईसीएल प्रबंधन भी नहीं ले रहा जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कबीर चौक से गेवरा बस्ती, धरमपुर से लेकर भिलाई बाजार तक के सडक़ की हालत किसी से छिपी नहीं है। मुख्य मार्ग के सुधार के नाम पर खुदाई कर 20 दिनों से अधिक समय तक काम रोक दिया गया है। जिसकी वजह से आज तक सडक़ का सुधार नहीं हुआ। इस ओर न तो जिला प्रशासन, न ही एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन और न ही ठेकेदार गंभीर है। शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।

**खास बात**

- सड़क मार्ग सुधार को लेकर नहीं की जा रही पहल



सड़क पर रखा मलबा।

मार्ग को मरम्मत के नाम पर खोद दिया गया है। जिसका मलबा घरों और दुकानों के सामने डंप कर दिया गया है। जिससे लोगों का घर से निकलना दूभर है। व्यवसायियों का धंधा चौपट हो गया है। इससे हादसे का खतरा बना हुआ है। रात के समय छोटे वाहन चालकों को सामने से आ रही गाड़ी की लाईट की रोशनी से गड्ढा नहीं दिखता जिस कारण इस दौरान रात के समय ज्यादा हादसे होते हैं। सडक़ किनारे मिट्टी डंप होने से व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है, सामने होली का त्यौहार है और ये सडक़ का हाल बेहाल है व्यापारियों को व्यापार की चिंता सता रही है। सडक़ को बनाने कोई सुध नहीं ले रहा, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश बढऩे लगा है। कभी भी उनके सब्र का बांध टूट सकता है।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर युवा, महिला किसान होंगे आत्मनिर्भर: जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित युवाओं, महिलाओं व किसानों को दी जाने वाली गारंटियों के संबंध में बताया है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो देश के युवा, महिला व किसानों को 5-5 गारंटियों का लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। श्री जायसवाल ने कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटीयों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि कांग्रेस पार्टी देश की महिलाओं को गारंटी दी है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करेगी। जिसके तहत हर महिला को साल में एक लाख रूपये मतलब महिने में 8 हजार 333 रूपये दिए लाएंगे। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में माताओं को साल में 12 हजार रू ही दे रही है। जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आएगी तो सालाना एक लाख रूपये देंगे। वहीं केंद्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की होगी। आशावर्कर, आंगनबाड़ी तथा मिड्डे मील कार्यकर्ताओ को केन्द्रीय सहायता कांग्रेस की सरकार बनने पर दुगुना किया जायेगा। महिलाओं के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिये प्रत्येक पंचायत में कानूनी सहायक की नियुक्ति की जायेगी। जो महिलाओं को जागरूक करने का काम करेगी तथा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिये हास्टल बनाया जायेगा। इसके अलावा एमएसपी को कानूनी दर्ज़ा दिया जाएगा। इसके लिए संसद में एक विशेष कानून पारित किया जाएगा। डॉ.एमएस स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी। किसानों के ऋण माफ़ करने और आवश्यक ऋण माफ़ी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी कृषि ऋण माफ़ी आयोग की स्थापना की जाएगी। किसानों के फसलों के नुकसान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में गारंटीड भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना को फिर से डिज़ाइन किया जाएगा। कांग्रेस कृषि उत्पादों के लिए एक आयात-निर्यात नीति बनाएगी और उसे लागू करेगी, जिसमें किसानों के हितों की रक्षा और चिंताएं सर्वोपरि होंगी। यह स्थिर और पूर्वानुमान पर आधारित होने के साथ-साथ किसानों के हितों पर आधारित होगा। किसान जीएसटी मुक्त होंगे। कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर टैक्स से छूट के लिए जीएसटी व्यवस्था में संशोधन किया जाएगा।

**खास बात**

- कांग्रेस ने की पांच पांच गारंटी का लाभ देने की घोषणा



सुरेंद्र जायसवाल

# राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में जौहर दिखाएंगे जिले के तीन युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उड़ीसा के भुवनेश्वर में 25 से 28 मार्च तक आयोजित हो रहे नेशनल रग्बी (फुटबाल) चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम में जिले के तीन युवा भी चयनित हुए हैं। जो अपना जौहर दिखाएंगे।

जिले के लिए भले ही रग्बी का खेल नया हो लेकिन पाली ब्लॉक के मुख्यालय में रग्बी की एक पौध (टीम) जन्म ले चुकी है। जो विगत 2 वर्ष से नियमित रूप से पाली के मिनी स्टेडियम में अभ्यास में लगातार जुटी हुई है। इनमें महिला व पुरुष वर्ग दोनों की टीम हैं। जो जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का जौहर दिखा चुके हैं। पाली ब्लॉक ही नहीं जिले को भी गौरवांवित कर रहे हैं। उड़ीसा में हो रहे नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में भी छत्तीसगढ़ की टीम में जिले के तीन युवा खिलाड़ी ओम प्रकाश यादव पिता मनीराम, विश्वजीत पिता बंधन सिंह और इंद्र लाल यादव पिता दादू लाल यादव का चयन हुआ है। जो छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ये तीनों ही खिलाड़ी पाली ब्लॉक के हैं। शनिवार देर शाम रायपुर कैम्प से ओडिशा के लिए रवाना हुए। क्षेत्र के खेल प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों ने खिलाडिय़ों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं और बधाई दी है।

### कुसमुंडा के सभी एटीएम हुए ड्राई, कैश नहीं होने से आम जनता परेशान

**कोरबा।** त्यौहारी सीजन में कुसमुंडा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। होली के साथ ही संडे का दिन पड़ने के कारण किसी भी एटीएम में पैसा नहीं है, जिससे लोगों के सामने कैश की दिक्कत आ रही है। लोगों का कहना है कि बैंक प्रबंधन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

## खबर संक्षेप



### डीजे संचालकों ने गठित किया डीजे साउंड संघ

**कोरबा।** विकासखंड पोंडी-उपरोड़ा मुख्यालय में समस्त डीजे संचालकों द्वारा शासन के द्वारा निर्धारित मापदंड के तहत एक आवश्यक बैठक आयोजित कर डीजे साउंड संघ का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से राजेश मरावी ग्राम दमउकुंडा को निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया। छोटू डीजे तानाखार को सचिव एवं खालिद डीजे गुरसिंया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जहां अब से संघ द्वारा निर्धारित भाड़ा रकम दर पर बुकिंग तय किया जाएगा एवं सभी सदस्यों द्वारा संघ कि नियमावली का पालन करना तथा सदस्यता शुल्क के साथ घोषणा सह शपथ पत्र भरकर संघ कि निर्धारित शुल्क जमा कर सदस्यता लेना होगा। संघ विरोधी काम करने पर निष्कासित अथवा दंड जुर्माना का प्रावधान रहेगा। मुख्य पदाधिकारीयों के साथ-साथ सहयोगी पदाधिकारी भी बनाया गया, जहां उमेश डीजे मोरगा तथा अखिलेश डीजे कछार को उपाध्यक्ष बनाया गया। सहायक सचिव विश्राम कंवर नानलेपरा एवं विकास डीजे कोनकोना को बनाया गया। मुख्य सलाहकार के रूप में लक्ष्मी नारायण सिंह कंवर टेंट हाउस एवं साउंड सर्विस पोंडी उपरोड़ा तथा रामेश्वर उदय मानिकपुर व कृष्णा डीजे चोटिया को बताया गया है।

### रश्मि सिंह पंचतत्व में विलीन महंत व जयसिंह हुए शामिल



**कोरबा।** प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री व समाज सेविका, डॉ. जयपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि सिंह का शनिवार को आकस्मिक दुःखद निधन हो गया। उनकी यात्रा आज राजेन्द्र प्रसाद नगर स्थित निवास से प्रारंभ हुई और पोड़ीबहार के मुक्तिधाम में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान उपस्थित परिजनों, शुभचिंतकों व नगरजनों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई देते हुए मृतात्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल डॉ. जयपाल सिंह सहित परिवार को ढांढस बंधाया। स्व. रश्मि सिंह की अंतिम यात्रा में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, हरीश परसाई, यूआर महिलांगे सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक शामिल हुए।

### सूने मकान से नगदी सहित अन्य सामानों की चोरी

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर रुमगरा निवासी किरण कुमार राठौर पिता रामकुमार राठौर मजदूरी का कार्य करता है। किरण कुमार के माता पिता घर में ताला बंद कर 15 दिन पूर्व से ग्राम मल्दी थाना सक्ती जिला सक्ती काम से गये थे। किरण ने देखा कि 23 मार्च की सुबह की सुबह उसके पिता के घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर अंदर रखे आलमारी खुला था समान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे किरण की मां की सोने का झुमका, मंगलसूत्र एवं चांदी का पायल एवं एलसीडी टीव्ही, 5 हजार रुपए रूपये नगद को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है।

## गांव में पहुंचकर ग्रामीणों व बच्चों को बांटी होली की सामग्री व मिठाइयां

# लायंस क्लब कटघोरा ने होली में ग्रामीणों के बीच साझा की खुशियां



बच्चों को होली सामग्री व मिठाई वितिरत लायंस क्लब कटघोरा-छुरी के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से सम्बंधित संश्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में होली के पावन पर्व पर क्लब के द्वारा पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पचभैया पारा में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच खुशियां साझा की। इस बीच शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों की उपस्थिति में वहां अध्ययनरत सभी बच्चो को व परिवार को राखी, बिस्किट, चिप्स, कुरकुरे, मिक्चर, चाकलेट व मिठाई का वितरण किया गया।

सामाग्री पाकर बच्चे व परिवार काफी खुश हुए इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र जुनापारा व महतोपारा में भी कार्यरत सभी महिला कर्मियों को मिठाइयां, बिस्किट, फल, राखी सहित खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। क्लब के उपाध्यक्ष राकेश पांडेय ने बताया कि क्लब के द्वारा शुरू से ही हर त्योहारों में ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवार के साथ उनके गांव में शामिल होकर त्यौहार को मनाया जाता है ताकि उन्हें भी त्योहार की कमी महसूस ना हो। त्योहार के आने पर गांव वाले इंतजार करते हैं साथ ही क्लब के द्वारा गांव में भी किसी प्रकार का कोई आयोजन होता है तो क्लब के द्वारा उस आयोजन में पूरा सहयोग किया जाता है। गांव के पंच रामकुमार ने बताया कि क्लब के द्वारा शुरू से ही हर त्योहारों में हमारे गांव में आकर सभी बच्चों व महिलाओं को जरूरत की सामग्री दी जाती है व हम सभी के साथ बैठकर हर खुशी को साझा करते है। निश्चित ही यह बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। साथ ही समय-समय पर गांव में होने वाले आयोजनों में भी पूरा सहयोग प्राप्त होता है। इस अवसर पर प्रतिष्ठित व्यवसाई लायन नितिन मित्तल गृहस्थी सुपर बाजार, पवन अग्रवाल ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स, क्लब के अध्यक्ष अजय धनोंदिया, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, दीपक गर्ग, राजुदास दीवान, सुधीर पांडेय लव गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार



**कोरबा।** बचपन प्ले स्कूल में होली का त्यौहार उल्लास पूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन विद्यालय के छात्र-छात्राएं रंग-बिरंगे वस्त्र धारण किए हुए थे। सर्वप्रथम विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि हम होली का त्यौहार क्यों मनाते हैं। साथ ही होली के महत्व को भी विस्तार से समझाया। विद्यालय की काउंसलर सोनाली दास ने सभी बच्चों को बताया कि हमें प्रत्येक त्यौहार में अपने माता-पिता दादा-दादी एवं सभी बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लेना चाहिए एवं हमें केवल हर्बल कलर एवं गुलाल का ही प्रयोग करना चाहिए। अन्य दूसरे कलर हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर्स श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने सभी छात्रों को प्रहलाद एवं उसकी बुआ होलिका की कहानी विस्तार से समझाइ एवं होलिका दहन क्यों किया जाता है। इसके बारे में भी विस्तार से समझाया। इसके साथ ही राजा हिरण कश्यप एवं भक्त प्रहलाद के बारे में भी विस्तार से समझाया। होलिका उत्सव की शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने कक्षा प्ले ग्रुप से यूकेजी तक नृत्य का प्रदर्शन दिया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में होलिका दहन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं वैष्णवी जायसवाल, आरिका खान, आकांक्षा पांडे, रश्मि प्रसाद, राशि गुप्ता, नेहा मिश्रा, प्रियंका सिंह, साधना सिंह, रेखा दोहरे, शिल्पी सिन्हा, नंदिनी साहू, प्रिया, अनुष्का सिन्हा, राधा पांडे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### वाल्मीकि छात्रावास में मनाया गया होली मिलन समारोह



**कोरबा।** लायंस क्लब बालको एवं लायंस क्लब कोरबा परिवार ने आईटीआई स्थित अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम वाल्मीकि आश्रम छात्रावास में होली मिलन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दीदी सरोज पांडे एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल, लायन एमडी माखीजा, रीजन चेयरपर्सन लायन पवन शर्मा, रूरल डेवलपमेंट चेयरपर्सन लायन जीपी केडिया, रघुराज सिंह, बिलबर, सात लायंस क्लब के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारी नगरवासी सहित ग्रामवासी एवं छात्रा उपस्थित थे। इस रंगारंग होली समारोह में सभी ने एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेली और बधाई शुभकामनाएं दी। लायंस परिवार द्वारा अब तक किए सेवा कार्य के लिए मंच पर उपस्थित अतिथियों ने प्रशंसा किया गया। उन्होंने कहा कि लायंस परिवार आगे भी सेवा कार्य करते रहें। छात्रवास में रह रहे बच्चों ने शानदार गीत का प्रस्तुति दिया।

### जायसवाल समाज की महिला विंग के सदस्यों ने मनाई होली



**कोरबा।** फाग का महीना शुरू होते ही लोग होली के उत्सव का बेसब्री से इतजार करने लगते हैं। गेवरा कॉलोनी में भी जायसवाल समाज महिला विंग की सदस्यों ने रंगों के इस पर्व को एक दिन पूर्व ही बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस साल होली का पर्व 25 मार्च को मनाया जा रहा है। मारवाड़ी समाज की महिलाएं इस पर्व को बड़े ही विधि-विधान से पूजन कर मानते है। गेवरा में जायसवाल समाज की महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग से सराबोर किया। कृष्ण गोपियों की वेशभूषा में फूलों की होली भी खेली। इस अवसर पर प्यार मनुहार, असत्य से सत्य की विजय सभी रंगों से रंगों का मिलन जैसे गीतों से सजाते हुए श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन के तेल चित्र के पूजा अर्चना कर तिलक लगाकर होली उत्सव का शुभारंभ किया। जिसमें सभी सखियां गोपिया राधा रानी और कृष्णा बनाकर रंग भरे गुलाल और फूलों की होली का आनंद लिया। कृष्ण के वेशभूषा में वीणा जायसवाल पूरे मन से होली खेली और सभी वहनों को रंग गुलाल लगाया होली उत्सव कार्यक्रम में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अनूप यादव भी उपस्थित हुए। सभी महिलाओं ने रंग गुलाल से उन्हें टीका वंदन किया जिसमें सुषमा जायसवाल, लक्ष्मी कश्यप, वीणा जायसवाल, भोली जायसवाल, संतोषी महतो, सावित्री जायसवाल, मिथिलेश जायसवाल, अहिल्या जायसवाल, बबली, संगीता जायसवाल, कनक लता, अनिता कश्यप, गायत्री जायसवाल शामिल हुई।

## होली खेलने से पहले पुलिस व प्रशासन ने रंग गुलाल की दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले के सभी थाना एवं चौकियों को निर्देशित किया है कि जिले में पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड़ पर है। शहर में होली के त्यौहार को लेकर पुलिस जगह-जगह चेकिंग कर रही है। इसी तारतम्य में कटघोरा नगर में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी नगर के मार्केट का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरोज महिलांगे, तहदीलदार भूषण सिंह मंडावी और थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के पुलिस बल ने नगर के न्यू बस स्टैंड में लगे रंग, गुलाल की दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानों में मुखौटा बेच रहे दुकानदारों को कड़ी समझाइस दी गई और मुखौटा न बेचने की सलाह दी।

इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने रंगों की दुकान लगाने वालों को मुखौटा नहीं बचने की सलाह दी है। अनुविभागीय अधिकारी सरोज महिलांगे व तहदीलदार भूषण सिंह मंडावी ने लोगों से अपील की है कि किसी तरह की घटना घटित होने के बाद अगर मुखौटा लगा लेते हैं, तो आरोपी की पहचान करने में दिक्कत होती है। इसी कारण से दुकानदारों को समझाइस दी जा रही है कि दुकानों में मुखौटा नहीं बेचे। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि मुखौटा लगाने से बदमाश अपनी पहचान छुपाते हैं और घटना को अंजाम देकर भाग भी सकते हैं। अपराधी तत्व भी मुखौटा लगाने के पैटर्न को फॉलो करने लगते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार होली का त्यौहार व लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता पालन कराने में काफी कड़ाई से कानून व्यवस्था काम करेगी। होली के दिन यदि व्यक्ति सरेआम बदमाशी करते या गुंडा गर्दी करते दिखे या शराब के नशे में हुड़दंग करता हुआ पाया जाए तो अपराध की श्रेणी में आता है। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। 24 घंटे सख्त पेट्रोलिंग शहर भर में चलती रहेगी, यदि कोई भी गलत कदम उठाते हुए पकड़ा जाता है तो उसकी होली लॉकअप में ही मनेगी।



निरीक्षण करते पुलिस कर्मी।

## बालको एटक ने मनाई शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) कार्यालय बालकों में शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए 93वां पुण्यतिथि मनाया गया। आज ही के दिन 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। इस शहीद दिवस पर एक संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सभी ने इन तीनों शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह ने जेल में रहते हुए लिखा था और वह 27 सितंबर 1931 को लाहौर की अखबार द पीपल में प्रकाशित हुआ था मैं नास्तिक क्यों हूं। आज की तारीख में कई प्रकाशनों से भगत सिंह और उनके साथियों का साहित्य छप चुका है वर्तमान को समझने के लिए और नए भविष्य को गढ़ने के लिए भी भगत सिंह और उनके साथियों के विचारों को पढ़ना। आज बेहद जरूरी है इंडियन बुक क्रॉनिकल, लेनिन एंड इंडिया, पीपुल्स पाथ पत्रिका, शहीदे आजम की जेल नोट बुक, लेफ्ट वर्ड, भगत सिंह पर भारत और विदेश में लिखी गई गंभीर किताबों की संख्या भी कम से कम 50 है। लाहौर षड्यंत्र की साजिश में अंग्रेजी शासन ने इन्हें फांसी की सजा सुना दी और अंत में भगत सिंह राजगुरु सुखदेव फांसी को चूमते हुए फांसी पर चढ़ गए। भगत सिंह ने फांसी में चढ़ने से पहले नारा दिया इंकलाब जिंदाबाद साम्राज्यवाद मुर्दाबाद। इस शहीद दिवस पर राज्य एटक के महासचिव कामरेड है हरिनाथ सिंह, सचिव एमएल रजक एल्युमिनियम एल्युमिनियम इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष एसके सिंह महासचिव सुनील सिंह, पवन कुमार वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अनूप सिंह, धर्मेंद्र शाह, फुलेंद्र पासवान, परितोष यादव, इंद्राणी श्रीवास, विजय लक्ष्मी चौहान, अजय कश्यप आदि उपस्थित थे।




## मेंटर-मेंटी स्कीम से एसईसीएल प्रबंधन कर रहा युवा अधिकारियों से सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मार्गदर्शन में एसईसीएल में मेंटर-मेंटी की अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। मेंटर-मेंटी प्रोग्राम के तहत एसईसीएल के युवा अधिकारियों को शीर्ष प्रबंधन से सीधा संवाद करने का अवसर मिल रहा है। प्रोग्राम के तहत सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशकगण एवं सीवीओ द्वारा मैनेजमेंट ट्रेनी से लेकर वरीय प्रबन्धक तक के अधिकारियों के साथ संवाद सत्र का आयोजन किया जा रहा है।

**खास बातें**

- शीर्ष प्रबंधन से युवा अधिकारी सीख रहे हरैं प्रबंधन के गुर

इन सत्रों में शीर्ष प्रबंधन द्वारा युवा अधिकारियों से उनके कार्यानुभव एवं कार्यस्थल पर आ रही चुनौतियों के बारे जाना जा रहा है। इसके साथ ही प्रबंधन द्वारा भी कोयला उद्योग में काम करने का अपने अनेक वर्षों के अनुभव को भी युवा कर्मियों के साथ साझा किया जा रहा है जिससे उन्हें काफी-कुछ नया सीखने को मिल रहा है। यह प्रोग्राम कर्मियों एवं शीर्ष प्रबंधन के बीच 360 डिग्री कम्युनिकेशन एवं फीडबैक स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रोग्राम के तहत क्रॉस-डिसिप्लिन लर्निंग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है साथ ही प्रतिभागियों को फील्ड विजिट के जरिये कंपनी के कार्यसंचालन को और नजदीकी से देखने का अनुभव मिल रहा है। उदाहरण के लिए प्रतिभागियों को खदान में ले जाकर खनन से जुड़ी गतिविधियों के बारे में बताया जा रहा है एवं कंपनी के संचालन क्षेत्रों किए जा रहे द्वारा सीएसआर कार्यों के लाभार्थियों से मिलकर वे कंपनी की समाज कल्याणकारी गतिविधियों को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं।

### 120 अधिकारी ले रहे हैं हिस्सा

मेंटर-मेंटी प्रोग्राम में एसईसीएल के विभिन्न विभागों के लगभग 120 अधिकारी भाग ले रहे हैं जिसमें माइनिंग, उत्खनन, सीएमसी, कार्मिक, वित्त, सीएसआर, पर्यावरण, कल्याण, औद्योगिक संबंध, आदि विभाग शामिल हैं। मेंटर-मेंटी प्रोग्राम मं भाग ले रहे सीएसआर विभाग में कार्यरत उप-प्रबन्धक संपत गेलम ने कहा कि मेंटर-मेंटी प्रोग्राम हमें शीर्ष प्रबंधन से सीधा संवाद करने का बहुमूल्य अवसर प्रदान कर रहा है और यह कार्यस्थल से जुड़े अनुभव एवं चुनौतियों को साझा करने का अच्छा प्लेटफॉर्म है। विभिन्न विभागों में कार्यरत हमारे साथी अधिकारियों से परस्पर चर्चा से हमारे बीच टीमवर्क की भावना को भी बल मिल रहा है।

## ग्रामीण के घर में पुलिस का छापा 45 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में कटघोरा पुलिस की टीम ने एक ग्रामीण के घर में दबिश दी। जहां उसके कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भवानीपुर निवासी फूल सिंह धनवार पिता शांति सिंह धनवार द्वारा अवैध शराब बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा है। मुखबीर की सूचना पर कटघोरा पुलिस की टीम ने फूल सिंह के घर में दबिश दी जहां फूल सिंह के कब्जे से पुलिस ने कुल 45 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



आरोपी

### मतदान के लिए जागरुक

**कोरबा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत युवाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लगाार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक पहल की गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ, पोस्टर, काव्य पाठ व मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में स्वीप प्रभारी ज्योति दीवान ने आयोजन किया।




